दिनांक 13 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

डोनेशन ऑन व्हील्स की वाहन पहुंच रही है घर तक , आज भी लोगो ने जरूरतमंदों के लिए किया राहत सामग्री दान

भिलाई नगर/ डोनेशन ऑन व्हील्स की शुरुआत की जा चुकी है अब जरूरतमंदों को राहत सामग्री प्रदाय करने के लिए लोग इस वाहन का उपयोग कर रहे! आज तीन लोगों ने डोनेशन ऑन व्हील्स के जरिए राहत सामग्री जरूरतमंद लोगों के लिए प्रदान किया है! दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर स्वयंसेवी/व्यक्तियों ने संपर्क करके वाहन को अपने घर तक बुलाकर राहत सामग्री प्रदाय किया है! एल्डरमैन मोहम्मद सद्दाब ने आज हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करके डोनेशन ऑन व्हील्स की वाहन को अपने घर बुलाया तथा 25 किलो सूखा राशन के तौर पर चावल दान दिया , इसी प्रकार सेक्टर 6 के श्याम सिंह साहू ने 10 किलो चावल डोनेशन ऑन व्हील्स के जरिए प्रदाय किया! रविशंकर ने भी नगद राशि पांच हजार रुपए देकर जरूरतमंदो के लिए सहयोग किया है! लॉक डाउन में भूखे , गरीब, असहाय एवं इसी प्रकार के अन्य लोगों तक सहायता प्रदान करने अब आप अपने घर पर ही रह कर डोनेशन ऑन व्हील्स वाहन की मदद से राहत पैकेट इत्यादि प्रदाय करके सहयोग कर सकते हैं! ऐसे लोगों के लिए किसी भी प्रकार की सहायता देने के लिए डोनेशन ऑन व्हील्स वाहन की मदद ले सकते हैं

जनसंपर्क अधिकारी